तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 11 मार्च 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 सहकारी बैंक से किसानों को पूरा पैसा नहीं मिलने से लगाना पड़ रहा चक्कर



## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय ऑल इंडिया ओपन रेटेड चेस टूर्नामेंट 13 से

**अम्बिकापुर।** सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 13 अप्रैल को सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन के बैनर तले छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक के हॉल में किया जाएगा। इस संबंध में टूर्नामेंट डायरेक्टर सरोज वैष्णव, सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन के सुजीत कुमार जायसवाल एवं विश्वास तिवारी, नवीन जायसवाल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव वीके राठी से सौजन्य भेंट कर आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान फाउंडेशन द्वारा संघ के प्रदेश महासचिव श्री राठी को टूर्नामेंट में अतिथि के रूप में आमंत्रित भी किया गया। उन्होंने संघ द्वारा आयोजन की सफलता के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। टूर्नामेंट के डायरेक्टर श्री वैष्णव ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 300 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता 8 चक्रों में खेली जाएगी। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए 2 लाख के नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी की व्यवस्था की गई है।

### पति की पिटाई से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर निवासी सुशीला पति रामाधार (37 वर्ष) शराब पीने की आदि थी। महिला अक्सर घर में रखे धान व चावल को बेचकर शराब पीती थी और कभी एक सप्ताह तो कभी चार दिन बाद घर आती थी। पत्नी के आए दिन नशे में धुत रहने तथा घर के सामान को बेच देने से पति काफी परेशान था। 8 मार्च को पत्नी नशे की हालत में घर और भोजन कर सो गई। दोपहर लगभग 3.30 बजे उठकर पड़ोसी के घर चली गई। इसी पति भी उसके पीछे गया और पत्नी को आए दिन शराब पीने से मना किया तो पत्नी विवाद करने लगी। जिस पर पति ने गुस्से में पत्थर से पत्नी पर वार कर दिया जिससे महिला बेहोश हो गई। इधर पति घर आया और घटना जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को अचेत हालत में वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




# महीनों से चल रही थी खुलेआम अफीम की खेती, कानोंकान नहीं लगी भनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/कुसमी

बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में अफीम की खेती किए जाने की पुष्टि होने के बाद हड़कंप मच गया है। क्षेत्र में अफीम की खेती लम्बे समय से की जा रही थी। ऐसा इसलिए क्योंकि अफीम की फसल पूरी तरह से तैयार हो चुकी थी और अब इसके तस्करी की तैयारी थी। अफीम का डोडा तैयार को चुका है और डोडा में चीरा भी लगाकर सुखाया गया है। दुर्ग के बाद कुसमी के दूरस्थ क्षेत्र में अफीम की खेती से प्रदेश भर में अफीम की तस्करी करने वाले नशे के सौदागरों और माफियाओं की सक्रियता की बात कही जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि बड़े पैमाने पर तस्करों द्वारा इस कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है और गहनता से जांच में कई बड़े खुलासे हो सकते है लेकिन क्षेत्र में खुलेआम इस तरह अफीम की खेती ने कई सवालों को जन्म दे दिया है।

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी अंतर्गत त्रिपुरी सरनाटोली में जंगल किनारे अफीम की खेती किए जाने का खुलासा हुआ है। दुर्ग जिले में तो मक्के की फसल के अफीम की खेती की गई थी लेकिन सरनाटोली में खुलेआम लगभग तीन से चार एकड़ खेत पर अफीम की खेती की गई थी। गांव के लोगों को अफीम के खेती की जानकारी भी थी लेकिन यह पता नहीं था कि यह अवैध है। दुर्ग में कार्रवाई के बाद अफीम की खेती अवैध होने की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी लेकिन बड़ा सवाल यह है। अफीम की खेती के लिए ग्रामीणों की जमीन भी किराए पर ली गई थी और किसान को कहा गया था कि जमीन पर फूलों की खेती की जाएगी लेकिन बड़ा सवाल यह है कि गांव गांव में जिला और पुलिस प्रशासन का मजबूत सूचना तंत्र होता है लेकिन लम्बे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार की किसी को कनोकान खबर तक नहीं लग पाई ऐसे में कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। हालांकि अब तक यह नही पता चल पाया है कि इस कारोबार में कौन लोग शामिल है लेकिन पुलिस ने तीन से चार लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि यह कारोबार कब से चल रहा था। जिस तरह खुलेआम अफीम की खेती की गई है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि नशे के सौदागर लम्बे समय से यह कारोबार कर रहे थे और फसल तैयार कर कई बार तस्करी भी कर चुके है।

**कई एकड़ में लहलहा रही फसल, प्रदेशभर में माफियाओं के सक्रिय होने की संभावना, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो होगी जांच में शामिल**



### आज की जाएगी कार्रवाई

मामले का खुलासा होने के बाद सरगुजा संभाग से लेकर प्रदेश भर में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना के बाद कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, एसपी वैभव बैंकर भी मौके पर पहुंचे थे। यह बात पता चली है कि रूपदेव भगत व कौशल भगत की जमीन पर खेती के साथ ही तस्करों द्वारा फॉरेस्ट की तरफ से चूहीदाह नाले में बनाए गए स्टाप डेम से पंप लगाकर सिंचाई की जाती थी। सूचना मिलने के बाद टीम ने सुखाए गए डोडा को जब्त किया गया। इसके साथ ही राजस्व व पुलिस विभाग की टीम द्वारा संबंधित क्षेत्र को अभिरक्षा में लेकर आवश्यक जांच प्रारंभ की गई। शाम होने के कारण बुधवार को वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाते हुए पुलिस की रात्रिकालीन निगरानी भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। जिला प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए एनडीपीएस एक्ट तथा एसएसएल की टीम, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम की उपस्थिति में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ने गुड्स यार्ड को निरस्त कर उपलब्ध कराया स्थल

# दो अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं लूप लाइन निर्माण की बाधा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- ठेका कंपनी ने शुरू किया भूमि का समतलीकरण कार्य

लम्बे इंतजार के बाद रेलवे ने संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर स्थित रेलवे स्टेशन में बहुप्रतीक्षित अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं लूप लाइन निर्माण की बाधाओं का निराकरण कर दिया है तथा लम्बे समय से निर्माण स्थल पर संचालित हो रहे गुड्स यार्ड को निरस्त कर कंस्ट्रक्शन कंपनी को स्थल उपलब्ध करा दिया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने निर्माण स्थल के समतलीकरण का कार्य प्रारंभ भी कर दिया है।

रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं नई ट्रेनों के परिचालन के उद्देश्य से लम्बे समय से अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही थी। इस संबंध में सर्वदलीय रेलवे संघर्ष समिति एवं जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी वर्षों से इस मांग को उठा रहे थे। अतिरिक्त प्लेटफार्म के अभाव में दिल्ली-अम्बिकापुर एवं जबलपुर-अम्बिकापुर ट्रेन के यात्रियों को घंटों कमलपुर स्टेशन एवं आउटर में ट्रेन खड़ी होने के कारण इंतजार करना पड़ता था। रेल प्रबंधन भी स्टेशन में उपलब्ध सुविधाओं को पर्याप्त बताकर इस महत्वाकांक्षी मांग को टाल रहा था। रेल सलाहकार समिति के सदस्य मुकेश तिवारी एवं सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा इस मामले को बार-बार उठाने पर रेलवे ने सितम्बर 2025 को अतिरिक्त प्लेट फार्म एवं लूप लाइन का टेंडर कराने के बाद ठेका कंपनी को कार्यादेश भी जारी कर दिया लेकिन निर्माण के लिए जगह उपलब्ध नहीं कराया। रेल सलाहकार समिति की बैठक में रेलवे की कार्यप्रणाली पर सदस्यों ने जमकर आलोचना की तो प्रबंधन ने मई 2009 से संचालित हो रहे गुड्स यार्ड को 1 मार्च को निरस्त करने के साथ ही ठेका कंपनी को स्थल उपलब्ध कराया। रेलवे द्वारा अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण के लिए स्थल उपलब्ध नहीं कराने के कारण पिछले 6 महीने निर्माण लंबित पड़ा था। रेलवे द्वारा स्थल उपलब्ध कराते ही ठेकेदार मे.मधुसूदन अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण के लिए भूमि का समतलीकरण करना प्रारंभ कर दिया है। सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा चार दिन के भीतर भूमिपूजन करने के उपरांत निर्माण में तेजी आने की बात कही जा रही है। रेलवे द्वारा निर्माण पूरा करने के लिए एक साल की अवधि निर्धारित की गई है जिसमें 6 महीने का समय स्थल उपलब्ध कराने में गुजर गया है।



अम्बिकपुर रेलवे स्टेशन।

### यात्री सुविधाओं में होगा विस्तार

रेलवे ने अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में दो अतिरिक्त प्लेटफार्म के साथ ही एक नई लूप लाइन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही रेलवे ने प्लेटफार्म पर यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए 6 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज एवं डिजिटल कोच डिस्पले प्रणाली निमार्ण करने की स्वीकृति प्रदान की है। दो अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं नई लूप लाइन का निर्माण पूरा होने के बाद नई ट्रेनों के परिचालन की संभावनाएं बढ़ जाएगी। पूर्व में विभिन्न स्टेशनों पर घंटों खड़ी रहने वाली ट्रेनों का परिचालन अम्बिकापुर स्टेशन से करने की मांग पर रेलवे के अधिकारी अतिरिक्त प्लेटफार्म नहीं होने को कारण टाल रहे थे। अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण पूरा होने के बाद नई ट्रेनों का परिचालन आसान हो जाएगा साथ ही कमलपुर एवं आउटर सिग्नल ट्रेनों को रोकने की मजबूरी भी खत्म हो जाएगी।

#### बढ़ रही सुविधाएं

रेलवे ने अम्बिकापुर स्टेशन को एनएसजी-4 श्रेणी स्टेशन की मान्यता प्रदान की है लेकिन स्टेशन में श्रेणी के अनुकूल यात्री सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। लम्बे समय से उपेक्षित रेलवे स्टेशन में पिछले साल प्लेटफार्म के शेड की लम्बाई बढ़ाने के साथ ही अलग-अलग पार्किंग एवं स्टेशन का सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया था। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म तक आवागमन के लिए एक अतिरिक्त मार्ग निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही है। रेलवे ने प्रशासन के साथ मिलकर इसका परीक्षण कराने का आश्वासन दिया है। वर्तमान में एकमात्र मार्ग से यात्रियों का आना जाना होने के कारण परेशानी होती है।

### निर्माण के लिए उपलब्ध करा दिया गया है स्थल

रेलवे द्वारा दो अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं नई लूप लाइन निर्माण के लिए ठेकेदार को 1 मार्च को स्थल उपलब्ध करा दिया गया है।

उमेश कुमार
वरिष्ठ स्टेशन, मास्टर

# पिकअप की टक्कर से 5 वर्षीय मासूम की मौत, आरोपी चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शहर में मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। शिव चर्चा भवन के पास बस स्टैंड जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बच्चे ने इलाज के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बस स्टैंड की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क किनारे मौजूद 5 वर्षीय बच्चे को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी और बच्चा सड़क के किनारे था, इसके बावजूद वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 3 निवासी लक्ष्मण सोनी आ. गणेश सोनी (5 वर्ष) नदी से नहाकर अपने घर जा रहा था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्चे के सिर में गंभीर चोट पाई। हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां से स्थिति नाजुक होने पर बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर ले जाने के दौरान प्रतापपुर के पास रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि कुछ देर पहले तक बच्चा अपने साथियों के साथ खेल रहा था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और फरार पिकअप चालक को रामचंद्रपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।



# बच्चा चोर समझकर ऑटो चालक को पेड़ से बांधकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- रास्ता चलते छात्रा को किया था वाहन में बैठाने का प्रयास, घटना का वीडियो वायरल

जिले में बच्चा चोरी की शक पर एक ऑटो चालक को पेड़ से बांधकर बेदम पिटाई करने का मामला सामने आया है। ऑटो चालक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। लोगों ने ऑटो चालक की पिटाई करने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। बड़ी बात यह है कि अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की बात कर रहे है।


बता दें कि मंगलवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें कुछ लोग एक व्यक्ति को पेड़ से बांधकर डंडे और चप्पल से पिटाई कर रहे है। यह वीडियों रिंग रोड स्थित परशुराम मंदिर के समीप का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो को लेकर अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार एक नाबालिग छात्रा पैदल स्कूल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक ऑटो चालक ने छात्रा से बातचीत की कोशिश की और उसे अपनी ऑटो में बैठाकर स्कूल छोड़ने की बात कही जिससे घबराकर छात्रा वहां से भागकर पास में मौजूद एक परिचित महिला के पास पहुंच गई। महिला ने तुरंत छात्रा की मां को फोन कर घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में छात्रा की मां मौके पर पहुंची और बेटी को लेकर घर लौटने लगी। इस दौरान परशुराम मंदिर के पास वही ऑटो खड़ी दिखाई दी, ऑटो को देखते ही छात्रा की मां ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। भीड़ ने बच्चा चोरी की आशंका जताते हुए ऑटो चालक को पकड़ लिया और पास के एक पेड़ से बांध दिया और उसकी डंडे, चप्पल से बेदम पिटाई कर दी गई। ऑटो चालक से की गई मारपीट का वीडियो भी बनाया गया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ऑटो चालक को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर कर अपने साथ थाने ले गई। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि ऑटो चालक बिश्रामपुर क्षेत्र का रहने वाला है और घटना के समय शराब के नशे में धुत था। इस मामले में अब तक ऑटो चालक व बच्ची के परिजन किसी भी तरफ से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। वहीं मामले में शराब पीकर वाहन चलाने को लेकर पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ऑटो चालक पर चालानी कार्रवाई की है। वहीं पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कही है।



### नहीं की गई है शिकायत

ऑटो चालक शराब के नशे में धुत था और रास्ता चलते हुए बच्ची को ऑटो में बैठाने का प्रयास किया। ऑटो चालक को बच्चा चोर समझकर उसकी पिटाई की गई। चालक की तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई है। शिकायत मिलने और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-प्रशांत ठाकुर
एसएसपी सरगुजा




हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

प्रथम पुरस्कार - वाशिंग मशीन
द्वितीय पुरस्कार - इंडक्शन
तृतीय पुरस्कार - मिक्सर ग्राइंडर
चतुर्थ पुरस्कार - इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ..........
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ..........
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ..........
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ..........
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ..........
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ..........
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ..........
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ..........
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ..........

छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join a Graduation Degree Program : B Voc in Animation (Hottest Career Option today)
Admissions Open For New Session
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
ARENA ANIMATION
AI SUMMER CAMP FOR KIDS
Exclusively for Class 5th - 11th
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics
Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

New Town
Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound,
Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........
पिता/पति का नाम :- ..........
स्थाई पता :- ..........
फोन/मो. नं. :- ..........
शैक्षणिक योग्यता :- ..........
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank
...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

## खबर संक्षेप

### युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान

**बैकुण्ठपुर।** देश सेवा का सपना देखने वाले कोरिया जिले के युवाओं के लिए भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती 2026 के माध्यम से सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। इच्छुक अभ्यर्थी 13 फरवरी से 1 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया चार चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में 1 से 15 जून 2026 के बीच ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा होगी। इसके बाद सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण, चिकित्सा परीक्षण और दस्तावेज परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। अग्निवीरों को चार वर्ष की सेवा अवधि के दौरान आकर्षक वेतन पैकेज मिलेगा। प्रथम वर्ष में लगभग 30 हजार रुपए, द्वितीय वर्ष में 33 हजार रुपए, तृतीय वर्ष में 36,500 रुपए तथा चतुर्थ वर्ष में 40 हजार रुपए मासिक पैकेज एवं भत्ता दिया जाएगा। सेवा अवधि पूर्ण होने पर लगभग 11 लाख रुपये का सेवा निधि पैकेज भी प्रदान किया जाएगा।

### रोशन बने झुझोप्र के जिला संयोजक



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा के संगठन विस्तार और सामाजिक वर्गों तक अपनी पहुंच को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशानुसार झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की सहमति से रोशन राजवाड़े को कोरिया जिले का झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। वे लंबे समय से भाजपा संगठन के जमीनी कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते आ रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और निरंतर सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। बताया जाता है कि रोशन राजवाड़े ने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन की शुरूआत बूथ स्तर से की थी। धीरे-धीरे उन्होंने युवा टीम के साथ मिलकर संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई और जिला स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने में योगदान दिया। संगठन के प्रति उनके समर्पित कार्य और अनुभव को देखते हुए भाजपा नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है।

## रंग पंचमी के बाद गर्मी के तेवर बढ़े, पारा 35 पर

# मार्च के पहले पखवाड़े में बढ़ा तापमान


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

होली और रंग पंचमी के बाद जिले में गर्मी के तेवर बढ़ने लगे हैं। तेज धूप के कारण लोगों को दिन में गर्मी का एहसास होने लगा है। सुबह की ठंडक भी अब कम होने लगी है और कुछ ही घंटों में धूप चुभने लगती है।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया। मार्च के पहले पखवाड़े में ही तापमान 35 डिग्री तक पहुंचने से अंदेशा जताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि अगले दिन भी पारा बढ़कर 37 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। ऐसे में मार्च के अंतिम दिनों तक तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है।

### दोपहर में तेज धूप तपाने लगी-

मार्च के पहले पखवाड़े से ही सूर्य की तपिश बढ़ गई है। दोपहर के समय तेज धूप के कारण लोग सिर ढंककर और अन्य उपाए कर घर से बाहर निकल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है, ताकि मौसमी बीमारियों से बचा जा सके।




### चलने लगे कूलर व पंखे

गर्मी की शुरुआत के साथ ही लोगों ने घरों में कूलर और पंखों का उपयोग शुरू कर दिया है। कई लोग पुराने कूलर-पंखों की साफ-सफाई और मरम्मत करवा रहे हैं। वहीं बाजारों में भी कूलर और पंखों की दुकानें सजने लगी हैं और मांग बढ़ने लगी है।

### हीटवेव से निपटने स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

जिले में बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। गर्मी से होने वाली बीमारियों से निपटने के लिए जिला स्तर से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुरूप जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में हीटवेव से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष सक्रिय रखे जाएंगे। इन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां और शीतलन संबंधी व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि गर्मी से प्रभावित मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके। स्वास्थ्य विभाग ने एम्बुलेंस सेवाओं को भी अलर्ट मोड में रखने और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। साथ ही विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बाहरी श्रमिकों और बेघर व्यक्तियों जैसे उच्च जोखिम वाले समूहों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि तेज धूप में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और लू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क करें।



## 17 महिला कर्मचारियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**बैकुण्ठपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के ब्लड बैंक में विशेष रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की 17 महिला कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। महिलाओं के इस सराहनीय कदम ने यह संदेश दिया कि महिलाएं न केवल अपने परिवार बल्कि समाज के प्रति भी जिम्मेदारी निभाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कार्तिकेय सिंह द्वारा रक्तदान करने वाली महिला कर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की गई। रक्तदान करने वाली प्रमुख महिलाओं में प्रियंका कुरील, श्वेता तिवारी, मीनाक्षी सिंह, ललिता रेड्डी और अंजली साहू सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य महिला कर्मचारी शामिल रहीं। जिला चिकित्सालय प्रशासन ने सभी महिला रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है, जिससे कई जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सकता है।

## एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी प्रेम, स्नेह और भाईचारे का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शहर में संचालित वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला समता मंच द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में रहने वाली सभी महिलाओं के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। महिला दिवस का उत्सव बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान, सहयोग और उनके जीवन में खुशियां बांटना था।



कार्यक्रम के दौरान महिला समता मंच की सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रही बुजुर्ग महिलाओं के साथ गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा की। इस दौरान उपस्थित सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी प्रेम, स्नेह और भाईचारे का संदेश दिया। मंच की महिलाओं ने वृद्धाश्रम में रहने वाली बुजुर्ग माताओं से बातचीत की, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। महिला समता मंच की सदस्यों ने वृद्धाश्रम की महिलाओं के स्वास्थ्य और देखभाल के संबंध में भी जानकारी ली, साथ ही वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बुजुर्ग महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और नियमित देखभाल सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती इंद्रा सेंगर ने कहा कि समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है कि वह बुजुर्गों का सम्मान करें और उनकी सेवा में अपना योगदान दे। इस अवसर पर मंच की महिलाओं ने वृद्धाश्रम में रह रही महिलाओं के साथ मिलकर गीत-संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर होली के पारंपरिक गीत गाए और एक सुखद वातावरण का निर्माण किया,इससे वृद्धाश्रम में रह रही महिलाओं के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। महिला समता मंच की अध्यक्ष श्रीमती रीता सेन ने इस मौके पर कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने का दिन है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहना चाहिए। इस अवसर पर वीरांगना श्रीवास्तव, मालिनी अग्रवाल, गीता अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, रूचि गुप्ता, भावना गुप्ता, माया सेन, चंदा वैश्य, गंगा ताम्रकार, अंजू पाण्डेय, किरण तिवारी, प्रिया नामदेव, सुनीता शुक्ला, प्रेमशिला तिवारी, विमला यादव सहित कई महिलाओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## दृढ़ इच्छाशक्ति ही सफलता की कुंजी

### गर्ल्स कॉलेज में मना वार्षिकोत्सव







**बिलासपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 9 मार्च को प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन में वार्षिकोत्सव समारोह-2026 का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने की। मुख्य अतिथियों में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जिला पंचायत कोरिया की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के उपाध्यक्ष आशीष यादव सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य रेणु सिंह, अमृतलाल गुप्ता, गीता साहू, हर्षित राय, मनीषा जायसवाल और अर्चना गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत और राज्यगीत से हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने अपने संबोधन में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों तथा वर्षभर आयोजित शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की उपलब्धियों और प्रतियोगिताओं में प्राप्त पुरस्कारों का भी उल्लेख किया। अतिथि वक्ताओं ने छात्राओं को समय का सदुपयोग, सकारात्मक सोच और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अमृतलाल गुप्ता ने दृढ़ इच्छाशक्ति को सफलता की कुंजी बताया। आशीष यादव ने कहा कि सफलता कड़ी मेहनत का परिणाम होती है। नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे ने छात्राओं को समय की महत्ता समझते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने बेटियों की सफलता को उनकी मेहनत और आत्मविश्वास का परिणाम बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय ज्ञान का मंदिर है, जहां से श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण होता है। उन्होंने युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बताते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण बताई। समारोह के दौरान परास्नातक कक्षाओं में अपने-अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को 155 मेडल, 183 स्मृति चिन्ह और लगभग 500 प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्नातक में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वालों में कॉमर्स से साक्षी दुबे (73.35%), अर्थशास्त्र से कविता कुशवाहा (80.61%), हिन्दी से शिवप्रिया (79.7%), वनस्पतिशास्त्र से साक्षी अरीना बेक (75%), समाजशास्त्र से प्रियंका (83%) तथा जन्तु विज्ञान से अदिति गुप्ता (79%) शामिल रहीं। खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन एकल में आशिया, बैडमिंटन डबल्स में आशिया और प्रियाशी बड़ा, शतरंज में पूजा, टेबल टेनिस में सरिता तथा 100 मीटर एथलेटिक्स में रेशमी राजवाड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने फैंसी ड्रेस, विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, सांस्कृतिक नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन संजना कुशवाहा ने किया तथा आभार प्रदर्शन राजनीति विभाग के सहायक प्राध्यापक भारत सिंह ने किया।

## महिला दिवस पर मन व्यथित है: डॉ. प्रभा



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ की विभागध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग डॉ. प्रभा राज ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि हम वहीं महिला हैं जो आने वाले भविष्य के लिए शासक बनकर राष्ट्र निर्माण करेंग। आज की महिला देश समाज और परिवार की ताकत बन चुकी है।

इस देश की महिला में जिस दिन से कर्तव्य निष्ठा, दया, ममता, मदद, शुभ संस्कार, मानवता, इंसानियत जाग उठेगी उसी दिन से संपूर्ण विकसित समाज परिवार गांव शहर और हमारा विकसित भारत होगा। महिला मानवता का शंखनाद है, वीरता की वसुंधरा है, महिला आकाश सी बलवान है नमन है ऐसी महिलाओं को डॉ. राज ने कहा कि क्या आप ने कभी गौर किया है हमारे देश के सिस्टम पर कितनी धुल चढ़ी हुई है, हम खुश हैं और सुरक्षित है तो वूमेन डे से खुश हो रहे हैं, लेकिन हमारे साथी महिलाएं लड़कियां आज भी मुसीबत में है प्रताड़ति हैं असुरक्षित है। एक महिला ही दहेज प्रथा को बढ़ावा देती है जब महिला और पुरूष दोनों दहेज लेने से अस्वीकार कर दे तो देश की कोई बेटी प्रताड़ति नहीं होगी। दहेज प्रथा ने कितनी बेटियों की जान ले ली है। मन बहुत व्यथित है। कैसे कह दूं हैप्पी वूमन्स डे, बेटा और बेटी को समान दर्जा दे, जिससे भेदभाव की स्थिति उत्पन्न न हो। एक महिला बेटा को भी अच्छे संस्कार दें, ताकि किसी की बेटी के साथ कभी गलत व्यवहार न करें। एक महिला दूसरी महिला को बिना वजह परेशान या अपमानित न करें उसके सम्मान की रक्षा करें उसको आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करें। संसाधनों की उपलब्धता कराए जिससे कि कोई पुरूष उसका गलत फायदा ना उठाएं।

## 108 संजीवनी एक्सप्रेस में गूंजी नवजात की किलकारी, रास्ते में कराया सुरक्षित प्रसव



**बैकुंठपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सेवा डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहन में मंगलवार को एक नवजात बच्चे की किलकारी गूंजी।

गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, जिसके बाद वाहन में मौजूद ईएमटी ने सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित प्रसव कराया। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम तंजरा निवासी 22 वर्षीय गर्भवती महिला उषा को अस्पताल ले जाने के लिए परिजन ने संजीवनी एक्सप्रेस को डायल कर बुलाया था। मौके पर पहुंची टीम गर्भवती को वाहन में लेकर अस्पताल जा रही थी, तभी रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा अचानक तेज हो गई। स्थिति को देखते हुए ईएमटी संतोष राजवाड़े और पायलट विनय पांडेय ने वाहन रोककर महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। इसके बाद जच्चा-बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया है।

## नशे के बढ़ते कारोबार पर लगाम जरूरी: स्वप्निल



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में बढ़ते नशे के अवैध कारोबार को लेकर वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि जिले में नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है, इससे खासकर युवा और नाबालिग तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन से ठोस और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। पार्षद श्री सिन्हा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नशे से जुड़े मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। कई स्थानों पर अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है, जिससे समाज का एक बड़ा वर्ग प्रभावित हो रहा है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि नाबालिग बच्चे भी नशे की लत के शिकार हो रहे हैं, इससे उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण ही जिले में कई अप्रिय घटनाएं भी सामने आई हैं। कई परिवार इससे प्रभावित हुए हैं और सामाजिक वातावरण भी खराब हो रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्ती से नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। श्री सिन्हा ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, साथ ही ऐसे स्थानों की पहचान कर वहां नियमित निगरानी रखी जाए, जहां नशे के कारोबार की आशंका रहती है।

सरगुजा मार्केट

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### ओबीसी महिला कांग्रेस की सदस्य राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में हुई शामिल

**अम्बिकापुर।** ओबीसी महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय महिला सम्मेलन 9 मार्च को नई दिल्ली में संपन्न हुआ। सम्मेलन में इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आई मातृशक्ति ने भाग लेकर सामाजिक न्याय और महिला नेतृत्व को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एवं सरगुजा संभाग से भी बड़ी संख्या में मातृशक्ति बहनों ने भागीदारी की, जिनका नेतृत्व ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मी गुप्ता ने छत्तीसगढ़ और सरगुजा संभाग से आई सभी महिलाओं का परिचय ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिन्द से कराया। छत्तीसगढ़ की ओर से परंपरागत सम्मान स्वरूप ओबीसी का गमछा ओढ़ा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। पिछड़ा वर्ग के नेता स्व. शरद यादव की बेटी सुहासिनी यादव ने छत्तीसगढ़ और सरगुजा संभाग से आई मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इतनी दूर से बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं सामाजिक न्याय की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विशेष बात यह रही कि राहुल गांधी ने अपने प्रोटोकॉल से अलग हटकर महिलाओं के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया।

### जनपद पंचायत में डीएमएफ बेस लाइन सर्वे की दी गई जानकारी



**राजपुर।** जनपद पंचायत छत्तीसगढ़ जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत बेस लाइन सर्वे कराने के लिए विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर अभिषेक मिश्रा तथा दिव्य किशोर गुप्ता नेबेस लाइन सर्वे की प्रक्रिया, पंचवर्षीय तथा वार्षिक कार्य योजना तैयार करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि बेस लाइन सर्वे का मुख्य उद्देश्य डीएमएफ का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। न्यास के पास उपलब्ध कुल निधि का न्यूनतम 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं दिव्यांगजन कल्याण, कौशल विकास, आजीविका सृजन, स्वच्छता, आवास, कृषि तथा पशुपालन पर खर्च किया जाएगा। वहीं शेष 30 प्रतिशत राशि का उपयोग भौतिक अधोसंरचना के विकास जैसे सड़क, पुल-पुलिया, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, उचित मूल्य दुकान, उप स्वास्थ्य केंद्र तथा सिंचाई संबंधी कार्यों में किया जाएगा। जनपद पंचायत के सभी 86 ग्राम में बेस लाइन सर्वे 11 से 20 मार्च तक किया जाएगा। कार्यशाला के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार दुबे ने उपस्थित विभाग प्रमुखों, सरपंचों, सचिवों एवं अधिकारियों से शासन के निर्धारित मानकों का पालन करते हुए समय-सीमा के भीतर बेस लाइन सर्वे कार्य को पूर्ण करने की बात कही।

## निधन

### अमर सिंह पैकरा



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ लिपिक अमर सिंह पैकरा 56 वर्ष का मंगलवार को रायपुर अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया,वे पिछले करीब दो माह से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था,उनके निधन की खबर लगने पर गोविंदपुर गांव व परिवार में शोक का माहौल बन गया,वे मूलतः ग्राम राई के निवासी थे।

### 600 से अधिक महिलाओं ने की भागीदारी

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर परसा में सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम



केक काटती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर परसा क्षेत्र में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता, स्वालंबन और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में परसा, साल्ही, बासेन, तारा, शिवनगर और घाटबर्रा सहित आसपास के गांवों से 600 से अधिक महिलाओं ने भागीदारी की। अदाणी फाउंडेशन और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के इस आयोजन को क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के व्यापक लक्ष्य से जोड़कर देखा जा रहा है।

परसा क्षेत्र में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से महिला उद्यमी बहुउद्देशीय सहकारी समिति सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, जो महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और आय-सृजन के अवसर उपलब्ध करा रही है। समिति के अंतर्गत मशरूम उत्पादन, डेयरी यूनिट, फिनाइल निर्माण, मसाला प्रसंस्करण और वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन जैसी इकाइयां संचालित हैं। कार्यक्रम की शुरूआत महिलाओं के स्वागत और अतिथियों द्वारा स्व सहायता समूहों के स्टॉलों के अवलोकन से हुई। इस दौरान ग्रैंड सुवा टीम ने सुवा नृत्य की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ राज्य गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। केक काटकर महिला दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम मे महिलाओं ने कथक नृत्य, सुवा नृत्य, नृत्य प्रतियोगिताएं, वुमन एम्पावरमेंट पर आधारित नाटक और विभिन्न राज्यों की विशिष्टताओं को दर्शाने वाले रैंप वॉक ने कार्ग्रम को जीवंत बनाए रखा। नृत्य प्रतियोगिता में साल्ही ग्राम की टीम विजेता रही। तारा, बासेन, परसा, शिवनगर और घाटबर्रा की टीमों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डीडीसी श्रीमती रायमुनिया सिंह करियाम, परसा सरपंच श्रीमती तुलसी उईके, बासेन सरपंच श्रीमती रामेश्वरी पोर्ते, तारा सरपंच श्रीमती सम्पतिया सिंह, साल्ही सरपंच श्रीमती कालेश्वरी कोर्राम, सीडीपीओ श्रीमती दयामणि कुजूर, प्राचार्य रामकुमार चंद्रा, उप प्राचार्य वेणी माधव जायसवाल, साल्ही के उप सरपंच मुंशी प्रसाद, उप सरपंच दिनेश यादव, श्रीमती सुचिता तिर्की, उमाशंकर यादव उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया और आयोजन की सराहना की। सामाजिक पहल के तहत सूरजपुर और सरगुजा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों को 500 वजन मापने की मशीनें और 300 दरियां वितरित की गई। कार्यक्रम में पांच विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और कक्षा 9वीं व 10वीं की शीर्ष तीन मेधावी छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साथ ही 700 महिलाओं को उपहार हैम्पर वितरित किए गए।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एसएसपी ने महिला कर्मियों को किया सम्मानित

- स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर की उनके कार्यो की सराहना

**सूरजपुर।** पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन सहित विभिन्न स्थानों पर तैनात महिला अधिकारी व कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून, चिकित्सा और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दे रही है। यह कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित है। इसी क्रम में थाना-चौकी में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को थाना-चौकी प्रभारी द्वारा पुष्पगुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर एसएसपी के निर्देश पर पुलिस लाईन में महिला कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिला कर्मियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कुसी दौड़ में प्रथम महिला आरक्षक झमिता वरकरे, अंजली टोप्पो, जलेबी दौड़ में प्रथम एएसआई बबीता यादव, प्रधान आरक्षक अल्का टोप्पो, महिला आरक्षक नीलम भगत, गिलास निशानेबाजी में प्रथम महिला आरक्षक चिंता पैंकरा, देशमती, चंदा भास्कर व चम्मच दौड़ में प्रथम महिला आरक्षक नीलम भगत रही। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी ने निभाया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रितेश चौधरी सहित महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर एसएसपी ने महिला कर्मचारियों के गुणवत्ता पूर्ण कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से लेकर पुलिस, सेना तक हर क्षेत्र में कठिन कार्य कर रही हैं। देश की प्रगति में उनका योगदान अहम है। महिलाओं के इस जज्बे और योगदान की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।





### नेचर क्लब 6 वर्षों से जिला अस्पताल में मरीजों के परिजन को करा रहा निःशुल्क भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- रोज 250–300 लोगों को मिलता गरम भोजन, सेवा के इस अभियान से जुड़ रहे शहर के लोग

जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजन के लिए भोजन की व्यवस्था अक्सर बड़ी समस्या बन जाती है। ऐसे समय में सूरजपुर का नेचर क्लब पिछले छह वर्षों से हर शाम सैकड़ों जरूरतमंदों को गरम भोजन उपलब्ध कराकर सेवा और मानवता की मिसाल पेश कर रहा है।

10 मार्च 2020 को समाजसेवी रामकृष्ण ओझा, श्रवण जैन, सुरेश अग्रवाल बाबू, गुलशन मोंगिया, ललन सिंह,अशोक उपाध्याय,रवि नाथ तिवारी, पंकज गुप्ता की पहल से इस सेवा कार्य की शुरुआत हुई, जो आज एक बड़े अभियान का रूप ले चुका है। शुरुआत में मात्र 5 किलो चावल से भोजन बनाकर मरीजों के परिजनों को परोसा जाता था। उस समय फाउंडर मेंबरों ने बारी-बारी से एक-एक दिन की जिम्मेदारी लेकर इस सेवा को आगे बढ़ाया। आज हर दिन करीब 250 से 300 लोगों को गरम भोजन कराया जाता है। भोजन में लगभग 35 से 40 किलो चावल, दाल, सब्जी, अचार और मीठा शामिल रहता है। प्रतिदिन शाम 6 से 7 बजे के बीच जिला चिकित्सालय परिसर में मरीजों के परिजन को यह भोजन सम्मानपूर्वक परोसा जाता है। संस्था की सेवा भावना को देखते हुए अब शहर के लोग भी इससे जुड़ रहे हैं। कई लोग जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि या अन्य अवसरों पर एक दिन के भोजन की व्यवस्था का सहयोग देकर इस सेवा अभियान में भागीदारी निभा रहे हैं। भोजन सेवा के साथ ही नेचर क्लब द्वारा मरीजों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर, हवादार गद्दा, बेड, बैसाखी जैसी आवश्यक सामग्री भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। वहीं जिला चिकित्सालय में वाटर कूलर लगाकर मरीजों और उनके परिजन के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था भी की गई है। 10 मार्च को नेचर क्लब के सेवा कार्य के 6 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। निस्वार्थ सेवा की भावना से शुरू हुआ यह प्रयास आज सूरजपुर में मानवता और सहयोग की प्रेरणादायक मिसाल बन चुका है।

### बीच बचाव करने पर युवक से मारपीट अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के साथ युवकों द्वारा मारपीट करने पर जब युवक ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। रितिक मिंज आ. ललीत मिंज (22 वर्ष) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि होली की शाम घर के सामने फुफा टेबुल साय से गाड़ी चलाने की बात को लेकर आकाश एवं अभिषेक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहे थे। घर के सामने शोर सुनकर बाहर निकाला और बहन के साथ्न बीच बचाव करने लगा जिससे नाराज होकर दोनों ने गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट चोट आने से निजी अस्पताल में उपचार कराया तथा उपचार के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने की सड़क जांच, सुधार करने दिए निर्देश

**मानीचौक।** सलका रजवारी पारा से रेड नदी तक निर्माणाधीन पक्की सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने तथा ग्रामीणों द्वारा घटिया सामग्री के उपयोग करने के आरोप और काम बंद कराने पर आज पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ एस.के मिश्रा, इंजिनियर कंचन मंडल अपनी टीम के साथ मौके पहुंच संबंधित ठेकेदार व ग्रामीणों के बीच सड़क की गुणवत्ता का जांच की। जिसमे पक्की



सड़क बनने के लिए तैयार किया गया बेस की खुदाई कर जांच किया जो मापन अनुसार सही पाया गया। ग्रामीणों का आरोप था सड़क की साइड सोल्डर जिसको जांच टीम ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए जितने दूर तक खराब व अधिक ढाल बनाया गया है उसे तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही एस्टीमेट के अनुरूप कार्य करने की चेतावनी दी और कहा कि अब आगे ग्रामीणों को शिकायत की मौका नहीं मिलना चाहिए। इस दौरान वार्ड पंच राजू दास सहित अन्य ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ कवि-सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन के द्वारा मालवीय भवन में गीता दुबे, डॉ.उमेश पाण्डेय, पं.रामनारायण शर्मा, सच्चिदानंद पाण्डेय एवं पूनम दुबे वीणा के आतिथ्य एवं एसपी जायसवाल की अध्यक्षता में कवि-सम्मेलन आयोजित किया गया।



गीतकार पूनम दुबे वीणा की सरस्वती वंदना से सम्मेलन प्रारंभ हुआ। पं.राम नारायण शर्मा, साहित्यकार एसपी जायसवाल एवं हरिशंकर सिंह ने अपने उद्बोधन में महिला दिवस एवं समाज में महिलाओं के महत्व को रेखांकित किया। कवि सम्मेलन में आशा पाण्डेय ने नारी तेरी शक्ति का कैसे करूं बखान, डॉ.उमेश पाण्डेय ने कुछ कदम मैं चलूं तो कुछ कदम तुम चलो, सीमा तिवारी ने शक्ति सामर्थ्य की रूप है बेटियां, माधुरी जायसवाल ने मैं फूल नहीं चिंगारी हूं, अंजू पाण्डेय ने गांव, घर-आंगन की शान होती नारियां, कुमारी नीलिमा जायसवाल ने पुरूष और नारी को ध्रुव जैसे सृष्टि के संतुलन के आधा है, आशा मिश्र ने आदि से अनंत तक विद्यमान रहेगी नारी, प्रताप पाण्डेय ने हर रूप में हैं नारी चाहे जैसी पहचान करो, पूनम दुबे वीणा ने उलझी-उलझी हर नारी है, देवेन्द्रनाथ दुबे ने नारी है इस जग की गरिमा, गीता दुबे ने माना हुई स्वतंत्र नारियां, विनोद हर्ष ने मै नारी हूं, लाचार नहीं हूं, अजय सागर ने देना है तो दीजिए जनम, एसपी जायसवाल ने मै छत्तीसगढ़ कर नारी हंव, मंशा शुक्ला ने धुमिल हुई जो लाली माथे के सिंदुर की, संस्था के जिलाध्यक्ष मुकुन्दलाल साहू ने महिलाओं पर बढ़ रहा, दैनंदिन अपराध रचना सुनाई। चंद्रभूषण मिश्र, अमित प्रेम संध्या दुबे ने अपनी कविताएं पेश की। गोष्ठी का संचालन आशा पाण्डेय ने किया। सम्मेलन में सभी कवियत्रियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, डॉ.सपन सिन्हा, अनिल त्रिपाठी, राजनारायण द्विवेदी और जयप्रकाश चौबे आदि उपस्थित थे।

### युवकों ने महिला व उसके पति के साथ किया मारपीट

**अम्बिकापुर।** घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर युवकों ने महिला व उसके पति सहित परिवार के लोगों के साथ जमकर मारपीट की। बबीता सूर्यवंशी पति नितेश कुमार (30 वर्ष) होली की शाम परिवार के साथ होली खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोसी राजेश्वर उर्फ ललुआ, प्रदीप, सागर सहित अन्य युवक उसके घर के सामने गाली-गलौज करने लगे। जिस पर महिला ने गाली गलौज करने से मना किया तो युवकों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख जब पति व बहन के साथ बीच बचाव करने लगे तो उसके साथ भी मारपीट किया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) का अपराध दर्ज किया है।


**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब-121/2025-26
ग्राम - नवकी
तहसील राजपुर

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता नवकी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विलियम मिंज आ. बोलवा मिंज जाति उरांव निवासी ग्राम नवकी थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपने चाचा स्व. गनसू आ. लपड़ी की मृत्यु ग्राम नवकी में दिनांक 29.05.2013 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यापालिक दण्डाधिकारी**
**राजपुर**
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब-121/2025-26
ग्राम - कवडू
तहसील राजपुर

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता कवडू को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बनसो आ. स्व. महावीर जाति उरांव निवासी ग्राम कवडू थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपने पिता स्व. महावीर आ. स्व. बुढ़गा का मृत्यु ग्राम कवडू में दिनांक 10.01.2010 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 18/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यापालिक दण्डाधिकारी**
**राजपुर**
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं Agustina Bara w/o Late-No-13857462M NK Subestian Bara. ग्राम-पोस्ट-कांसावेल, तहसील कांसाबेल जिला जशपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं ग्राम-पोस्ट-कांसावेल, तहसील कांसाबेल जिला जशपुर छ.ग. की निवासी हूं। मेरे पति Subestian Bara जिनका देहान्त दिनांक 01 मार्च 2026 हो गया है। मेरे पति के सर्वित्त बुक में मेरी नाम Agustina दर्ज है, एवम् P.P.O में मेरी जन्म तिथि अंकित नही है जो कि गलत है। मेरी वास्तविक नाम Agustina Bara एवम् जन्म तिथि 12/03/1953 है। अतः मेरी पति के सर्विस बुक में मेरा नाम एवम् जन्म तिथि सही करवाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
Agustina Bara
W/o Late-No-13857462M
NK Subestian Bara
निवासी-ग्राम-पोस्ट- कांसावेल,
तहसील कांसाबेल जिला जशपुर
छ.ग.

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-3, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र : 202602022900012/अ-6/25-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोमा गुप्ता आ. प्रदीप कुमार गुप्ता निवासी शालीमार बाग दिल्ली द्वारा ग्राम मायापुर स्थित भूमि ख.न. 190/1 रकबा 0.017 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद् दान पत्र दिनांक 07.01.2026 के आधार पर दानकर्ता प्रदीप कुमार गुप्ता आ. महेश कूमार गुप्ता का नाम विलोपित करते हुए अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 19/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकपुर-03**

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब-121/2025-26
ग्राम - नवकी
तहसील राजपुर

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता नवकी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजीव एक्का आ. स्व. ख्रीस्टो जाति उरांव निवासी ग्राम नवकी थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपने पिता स्व. ख्रीस्टो आ. दानियल एक्का की मृत्यु ग्राम नवकी में दिनांक 08.03.2014 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यापालिक दण्डाधिकारी**
**राजपुर**
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब-121/2025-26
ग्राम - नवकी
तहसील राजपुर

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता नवकी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति जयवन्ती एक्का पति विजय कुमार एक्का जाति उरांव निवासी ग्राम नवकी थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपने पति स्व. विजय कुमार एक्का आ. स्व. ख्रीस्टो एक्का की मृत्यु ग्राम नवकी में दिनांक 21.01.2011 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यापालिक दण्डाधिकारी**
**राजपुर**
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब-121/2025-26
ग्राम - नवकी
तहसील राजपुर

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता नवकी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विलियम मिंज आ. बोलवा मिंज जाति उरांव निवासी ग्राम नवकी थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपनी चाची स्व. रिमची पति गनसू का मृत्यु ग्राम नवकी में दिनांक 15.04.2013 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यापालिक दण्डाधिकारी**
**राजपुर**
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)



म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज अब सिटी हॉस्पिटल अंबिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार और रविवार,
(इस माह 14 और 15 मार्च 2026 ) को उपलब्ध रहेंगे
सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धंजल कॉम्पलेक्स रिंग रोड अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP- 5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
अगर आप दर्द की दवाई खाकर या फिजियोथेरेपी कराके परेशान हैं तो अवश्य मिलें
SCOPE OF TREATMENT
• कमर दर्द • साइटिका • गर्दन का दर्द • नसों का दर्द • चेहरे पर करेंट जैसा दर्द • या दांतों का दर्द • कैंसर का दर्द • घुटने या जोड़ों का दर्द • अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
• बिना चीरफाड़ के अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ईलाज • TFESI/इंजेक्शन द्वारा ईलाज • लेजर रेडिओफ्रिकेंसी अबलेशन मशीन द्वारा दर्द का ईलाज • स्टेम सेल/ पीआरपी ट्रीटमेंट (Regeneration Therapy) • ओजोन थेरपी (स्लिप डिस्क एवं जोड़ों का दर्द)
समय : शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल – जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS,DCH,DNB – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS,DNB,Ortho – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले – MBBS,DCH,DNB – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS,MS (General Surgeon) – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS,DNB,Ortho – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि – दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780,8224007799,9425583790,9406183780
8224007766,8224007755,9406183790,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

